## एक नजर में



### महंगाई और गैस संकट के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**बुधनी.** बढ़ती महंगाई और रसोई गैस की कालाबाजारी के विरोध में सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने तहसील कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया. कार्यकर्ता खाली गैस सिलेंडर लेकर पहुंचे और नारेबाजी करते हुए गैस की आपूर्ति सुचारू करने व महंगाई पर नियंत्रण की मांग उठाई. प्रदर्शन का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सोनू राजपूत ने किया. इस दौरान किसान कांग्रेस नेता छगनलाल दुबे, पूर्व पार्षद अजय यादव, रामेश्वर प्रसाद, प्रमोद चौहान, इंटक जिला अध्यक्ष आमिर पटेल, युवक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ दुबे, कल्पेश चौहान, राजीव दुबे, निखिल दायमा, विशाल यादव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे. कार्यक्रम के अंत में पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा की धर्मपत्नी सुभद्रा वर्मा के असामयिक निधन पर मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई.




### धूमधाम से मनाया मां कर्मा देवी का जन्मोत्सव

**शाहगंज.** साहू समाज की आराध्य मां कर्मा बाई की जयंती नवयुवक कर्मा विकास मंच के तत्वाधान मेंमनाई गई. श्री राम जानकी मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया. तत्पश्चात विधायक रमाकांत भार्गव एवं गणमान्य नागरिकों व समाजजनों द्वारा मां कर्मा बाई की आरती की गई. इस अवसर पर प्रतिभा सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया. जिसमें समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का नवयुवक कर्मा विकास मंच द्वारा सम्मान किया गया. अंत में भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया. कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष महेंद्र शर्मा, धर्मेंद्र साहू, हिंउस अध्यक्ष विनय भार्गव, नरेश त्रिवेदी, सुशील दुबे, सीएमओ रामानुज मिश्रा सहित बकतरा, सरदार नगर, डोबी एवं नीमटोन के समाजजन उपस्थित थे.



### रामपुरा डेम पाइप लाइन कार्य का किया निरीक्षण

**आष्टा.** रामपुरा डेम से नगर तक बिछने वाली पाईप लाईन कार्ययोजना का कार्य तीव्र गति से जारी है. लगभग एक किलोमीटर लंबी पाईप लाईन बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है, जिसका निरीक्षण नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा आज किया गया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि उक्त कार्य को तेजी के साथ पूर्ण गुणवत्ता बरतते हुए शीघ्रता से करें, इसके लिए आप अपने यंत्र-संयंत्र में वृद्धि करें. मेवाड़ा ने कहा कि नगरवासियों को आगामी वर्ष में सीधे रामपुरा डेम से पाईप लाईन के माध्यम से लाए गए पानी की जलापूर्ति हो ऐसा परिषद का उद्देश्य है. उसी अनुरूप कार्य में निरंतरता बरतते हुए कार्य को पूर्ण करें. निरीक्षण के दौरान पार्षद रवि शर्मा, कुशलपाल लाला, सतीश मेवाड़ा सहित अन्य लोग मौजूद थे.



### पूर्व सांसद की पत्नि के अंतिम संस्कार में पहुंचे कांग्रेसजन

**आष्टा.** पूर्व मंत्री तथा सज्जन सिंह वर्मा की पत्नी सुभद्रा वर्मा का निधन रविवार को इंदौर में हो गया. विशिष्ट हस्तियों ने दिवंगत सुभद्रा वर्मा की अंत्येष्टि में शामिल हो कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, नर्मदाप्रसाद प्रजापति, पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार, मीर रंजन नेगी, कमलसिंह चौहान, हरपाल सिंह ठाकुर, गुलाब बाई ठाकुर, धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, अरविंद ठाकुर, जाहिद गुड्डू, शैलेश राठौर, नरेंद्र कुशवाह, सुनील प्रगति, सुनील सेठी, विनीत सिंगी, सुनील कटारा, राजकुमार मालवीय, प्यारे पटेल, कृपाल मालवीय, नरेंद्र सिंह ठाकुर आदि ने दिवंगत सुभद्रा वर्मा के अंतिम संस्कार में पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की.




### क्लस्टर स्तरीय शिविर में जन की समस्या का समाधान

**बुधनी.** कलेक्टर के निर्देशानुसार जनसमस्याओं और लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से जिले में संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है. शिविर में नागरिकों को शासन की योजनाओं एवं सेवाओं से लाभान्वित किया जा रहा है. अभियान के तहत बुधनी नगर परिषद कार्यालय में क्लस्टर स्तरीय शिविर आयोजित किया गया. शिविरों में अनेक विभागों द्वारा नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और ग्रामवासियों से आवेदन प्राप्त कर निराकरण की प्रक्रिया शुरू की गई. यह संकल्प से समाधान अभियान जिले में 12 जनवरी से 31 मार्च तक चार चरणों में संचालित किया जा रहा है.

# आग के दावानल में किसानों की खुशियां हुईं स्वाहा

## जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम आलमपुरा में आग ने जमकर बरपाया कहर, 40 एकड़ की फसल आग की भेंट चढ़ी

- शाम को राजस्व मंत्री मौके पर पहुंचे और जायजा लिया
- प्रतिदिन घटित हो रही हैं आगजनी की घटनाएं

नवभारत न्यूज

**सीहोर 16 मार्च. जिला मुख्यालय के समीप स्थित ग्राम आलमपुरा में सोमवार दोपहर अचानक भड़की भीषण आग ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया. देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पककर कटाई के लिए तैयार खड़ी लगभग 40 एकड़ फसल को अपनी चपेट में ले लिया. कुछ ही देर में खेतों में लगी लपटों ने कई किसानों की फसल पूरी तरह जलाकर राख कर दी, जिससे अनेक किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा.**

बताया जा रहा है कि दोपहर के समय खेतों में अचानक आग भड़क उठी. तेज हवा के कारण आग तेजी से एक खेत से दूसरे खेत में फैलती चली गई. खेतों में खड़ी गेहूं की सूखी फसल होने के कारण आग ने कुछ ही समय में बड़ा क्षेत्र घेर लिया. ग्रामीणों ने जब खेतों से धुआं और लपटें उठती देखीं तो तुरंत मौके पर पहुंचकर आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए.

आग की सूचना मिलते ही आसपास के गांवों के सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और अपने-अपने स्तर पर आग पर काबू पाने की कोशिश में जुट गए. ग्रामीणों ने ट्रैक्टरों में बक्खर, रोटावेटर और प्लाऊ लगाकर खेतों में गहरी नालियां और जुताई कर दी, ताकि आग आगे न बढ़ सके. इस प्रयास से आग के फैलाव को काफी हद तक रोका जा सका. इसके अलावा आसपास के गांवों से पानी के टैंकर भी मौके पर पहुंच गए, जिनकी मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया.

ग्रामीणों की घंटों की मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर नियंत्रण पाया जा सका, लेकिन तब तक आधा दर्जन से अधिक किसानों की पूरी फसल जलकर खाक हो चुकी थी. कई अन्य किसानों की फसल भी आंशिक रूप से प्रभावित हुई है. किसानों का कहना है कि फसल पूरी तरह तैयार थी और आजकल में कटाई शुरू होने वाली थी, लेकिन उससे पहले ही आग ने उनकी सालभर की मेहनत को राख में बदल दिया. घटना के बाद प्रभावित किसान बेहद मायूस नजर आए. उनका कहना है कि फसल ही उनके परिवार की आय का मुख्य साधन होती है. ऐसे में अचानक लगी आग ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है. किसानों ने प्रशासन से नुकसान का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है.

इधर जिले में पिछले कुछ दिनों से खेतों में आग लगने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं. कहीं शॉर्ट सर्किट के कारण तो कहीं अज्ञात वजहों से आग लग रही है, जिससे किसानों की तैयार फसलें बर्बाद हो रही हैं. रविवार को भी जिले के मुल्लानी गांव में दिन के समय तथा लसूड़िया परिहार में रात के दौरान आग ने जमकर तांडव मचाया था, जिसमें किसानों की बड़ी मात्रा में फसल जलकर नष्ट हो गई थी.

आगजनी की घटनाओं ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है. ग्रामीणों का कहना है कि इस समय खेतों में अधिकांश फसलें कटाई के लिए तैयार खड़ी हैं और थोड़ी सी लापरवाही बड़े नुकसान का कारण बन सकती है. किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि फायर ब्रिगेड की व्यवस्था को ग्रामीण क्षेत्रों तक मजबूत किया जाए तथा बिजली लाइनों और अन्य संभावित कारणों की जांच कर सावधानियां बरती जाएं, ताकि भविष्य में आगजनी की ऐसी घटनाओं को रोका जा सके.



**सीहोर.** ग्राम आलमपुरा के खेतों में लगी आग इतनी भीषण थी कि चहुंओर आग की लपटें और काला धुंआ ही नजर आ रहा था.



### मायूस किसानों के बीच ढांढस बंधाने पहुंचे राजस्व मंत्री

ग्राम आलमपुरा में हुए भीषण अग्निकांड की जानकारी मिलने के बाद राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा शाम को आलमपुरा के ग्रामीणों के बीच पहुंचे और उन्हें ढांढस बंधाया. इस दौरान उन्होंने खेतों में हुए नुकसान का जायजा लिया और मौके पर मौजूद तहसीलदार एवं अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन किसानों का इस आगजनी में नुकसान हुआ है, उनके नुकसान का शीघ्र सर्वे किया जाए और उन्हें तत्काल क्षतिपूर्ति राशि दी जाए. किसान हमारे अन्नदाता हैं इनकी तकलीफ को तत्काल दूर करें.

### रोजगार मेले में 1706 पदों पर होगी भर्ती

**सीहोर.** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 17 मार्च को महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा. रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा अनेक कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार प्रदान किया जाएगा. इसके साथ ही जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा और नये प्रकरण तैयार किये जाएंगे. इसी प्रकार आईटीआई विभाग द्वारा अप्रेंटिसशिप के लिये युवाओं को चयनित किया जाएगा. रोजगार मेले में अनेक कंपनियों द्वारा लगभग 1706 पदों पर युवाओं की भर्ती की जाएगी.

# पनीर फैक्ट्री के मालिक किशन मोदी पर ईडी ने कसा शिकंजा

- करोड़ों की मनी लांड्रिंग के आरोप में किया गिरफ्तार
- मोदी को पूछताछ के लिए 18 मार्च तक हिरासत में लिया

नवभारत न्यूज

**सीहोर 16 मार्च.** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कार्रवाई करते हुए जयश्री गायत्री फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मालिक किशन मोदी को गिरफ्तार कर लिया है. यह कार्रवाई मनी लॉड्रिंग के गंभीर आरोपों में की गई है. गिरफ्तारी के बाद आरोपी किशन मोदी को भोपाल की विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां से आरोपी को 18 मार्च तक ईडी की हिरासत में भेज दिया है.

ईडी की जांच के मुताबिक जयश्री गायत्री फूड प्रा.लिमिटेड कंपनी मिल्क मेजिक ब्रांड से डेयरी उत्पाद तैयार करती थी और बेचती थी. जांच में यह भी सामने आया कि कंपनी ने देश और विदेश में डेयरी उत्पादों का व्यापार किया था, लेकिन इस व्यापार के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं और धोखाधड़ी करने की बात भी सामने आई थीं. ईडी के अधिकारियों का दावा है कि जांच अभी जारी है. कई और दस्तावेज, बैंक ट्रांजेक्शन और निर्यात रिकार्ड खंगाले जा रहे हैं. संभावना है इस मामले में कंपनी के कई अन्य अधिकारी भी जांच के दायरे में आएंगे. जरूरत पड़ने पर पूछताछ की जा सकती है और उनकी गिरफ्तारी भी की जा सकती है.

गौरतलब है कि विदेश में उत्पाद भेजने के लिए गुणवत्ता जांच जरूरी होती है. इसके लिए मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट लेना होती है. यह रिपोर्ट एक्सपोर्ट इंस्पेक्शन एजेंसी को दी जाती है. इसके बाद ही निर्यात की अनुमति मिलती है. लेकिन जांच में पता चला कि कंपनी ने फर्जी लैब रिपोर्ट जमा की थी. इस संबंध में उप संचालक पशु चिकित्सा सेवा सीहोर के भी फर्जी हस्ताक्षर करने की बात सामने आई थी. संबंधित प्रयोगशाला से भी पता चला कि उन्होंने ऐसी कोई रिपोर्ट ही जारी नहीं की.




### प्रारंभिक जांच में 20 .59 करोड़ों की मनी लांड्रिंग

22 जुलाई 24 को आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने एक मामला दर्ज किया था. जिसमें कंपनी के अधिकारियों पर आर्थिक गड़बड़ी और धोखाधड़ी के आरोप लगाए गए थे. इन्हीं शिकायतों के आधार पर ईडी ने मनी लॉड्रिंग की जांच शुरु की और प्रारंभिक जांच में 20 .59 करोड़ रुपए की मनी लॉड्रिंग सामने आई थे. इसकी पुष्टि कंपनी के बैंक खातों से हुई. ईडी का कहना है कि यह रकम अवैध तरीके से कमाई गई आय मानी जाएगी. जांच में डेयरी उत्पादों को लेकर चौंकाने वाली जानकारी भी सामने आई थी. मिल्क मेजिक ब्रांड से जो डेयरी उत्पाद बेचे जा रहे थे उनमें मिलावट की जाती थी. दूध के फेट की जगह पाम ऑयल और अन्य केमिकल मिलाने के आरोप भी सामने आए थे. ऐसे उत्पाद विदेशों में भी निर्यात किए गए थे. इससे पहले 29 अगस्त 2023 को भी हबीबगंज थाने में एक प्रकरण दर्ज किया गया था.

# राष्ट्रीय कुश्ती महाकुंभ में पहलवानों ने दिखाया दमखम

- अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद व बजरंग दल ने किया आयोजन
- देश भर से आए पहलवानों ने दांव पेंच से किया मोहित

नवभारत न्यूज

**सीहोर 16 मार्च.** अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के तत्वावधान में राष्ट्रीय कुश्ती महाकुंभ का आयोजन शनिवार को पीजी कॉलेज ग्राउंड, में किया गया. दंगल में पंजाब, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र सहित देशभर से आए पहलवानों ने दमखम का प्रदर्शन किया.

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रमेश सक्सेना रहे, जबकि संरक्षक अतुल राठौर काका और वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय विशेष रूप से उपस्थित रहे. विशिष्ट अतिथियों में भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन, वरिष्ठ पत्रकार बसंत दासवानी, भाजपा जिला महामंत्री पंकज गुप्ता सहित कई जनप्रतिनिधि व समाजसेवी मौजूद रहे. सभी अतिथियों ने हनुमान दद्दा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया.

दंगल अध्यक्ष संदीप राठौर पहलवान और सचिव अजय पहलवान ने अतिथियों का साफा बांधकर व पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया. शाम 6.30 बजे शुरू हुए दंगल में कई रोमांचक मुकाबले हुए. विजेता पहलवानों में पंजाब के मोहित और कैलेशियम, दिल्ली के रोहित, हिमाचल के रोबिन, कोठरी सीहोर के गोलू, इंदौर के ललित कौशल सहित कई पहलवान शामिल रहे. महिला कुश्ती में सीहोर की रिशा पहलवान ने छिंदवाड़ा की दीपिका को हराकर जीत हासिल की.



### जानलेवा हमला करने के दो आरोपी धराए

नवभारत न्यूज

**इछावर 16 मार्च.** थाना क्षेत्र के ग्राम भाऊखेड़ी में मकान विवाद के चलते एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने आरोपियों से घटना में प्रयुक्त चाकू और गुप्ती भी जब्त कर ली है.

जानकारी के अनुसार फरियादी अभिमन्यु वर्मा आ. मनोहर वर्मा निवासी ग्राम भाऊखेड़ी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 14 मार्च की शाम ग्राम भाऊखेड़ी में मकान विवाद को लेकर कृष्णपाल वर्मा और लखनलाल वर्मा ने उसके पिता मनोहर वर्मा पर चाकू व गुप्ती से जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया.

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना पर दोनों आरोपियों कृष्णपाल वर्मा और लखनलाल वर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ की. जिसमें उन्होंने अपना अपराध कूबल कर लिया. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिए. दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया. इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार वाडेकर, शिवलाल वर्मा, राजेश तिवारी, अमित चौहान, विक्रम सिंह रघुवंशी, हरिओम परमार, वीर सिंह, नरेन्द्र, विक्रम सिंह तथा भगवान की भूमिका रही.

### माता हिंगलाज का आज मनेगा जन्मोत्सव

**सीहोर.** भावसार समाज द्वारा मंगलवार को माता हिंगलाज का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ पारंपरिक रूप से मनाएगा. इस दौरान कस्बा क्षेत्र में चल समारोह निकाला जाएगा. समाज के उत्कृष्ट विद्यार्थियों और अतिथियों सहित समाज के नवनियुक्त वरिष्ठ पदाधिकारियो का सम्मान किया जाएगा. मीडिया प्रभारी आशीष भावसार ने बताया कि माता हिंगलाज मंदिर में मंगलवार सुबह माता रानी की प्रतिमा का विशेष श्रृंगार किया जाएगा. दोपहर 3 बजे से माता हिंगलाज की पूजा अर्चना की जाएगी. इसके बाद कस्बा क्षेत्र के प्रमुख मार्गों से चल समारोह निकाला जाएगा. कार्यक्रम में बोर्ड परिक्षाओं में सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं एवं अतिथियों का सम्मान समाज के नवनियुक्त पदाधिकारी द्वारा किया जाएगा.

**टीएल बैठक** — कलेक्टर ने दिए निर्धारित प्रकाशकों और तय दरों पर पाठ्य पुस्तकों की बिक्री के निर्देश

# जिले में सुनिश्चित करें गैस सिलेंडर की आपूर्ति

नवभारत न्यूज

**सीहोर 16 मार्च.** कलेक्टर बालागुरू के ने टीएल बैठक में सख्त निर्देश देते हुए कहा कि आमजन से जुड़े मामलों में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी. पेयजल व्यवस्था, गैस सिलेंडरों की आपूर्ति, स्कूलों में किताबों की मनमानी और सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण पर विशेष जोर दिया गया.

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि किसी भी क्षेत्र में पानी की कमी नहीं होनी चाहिए. आवश्यकता पड़ने पर निजी बोरवेल अधिग्रहित किए जाएं तथा पेयजल संकट वाले क्षेत्रों में टैंकरों से पानी उपलब्ध कराया जाए. उन्होंने पेयजल शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए कंट्रोल रूम के नंबर 24 घंटे सक्रिय रखने को कहा.

कलेक्टर ने फसल अवशेष जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए भी अधिकारियों को निर्देश दिए और कहा कि नरवाई जलाने से पर्यावरण को नुकसान होता है तथा मिट्टी की उर्वरता प्रभावित होती है. किसानों को जागरुक करने के लिए विशेष अभियान चलाने को कहा गया. नए शिक्षा सत्र को देखते हुए उन्होंने स्कूलों और दुकानदारों द्वारा किताबों को लेकर की जा रही मनमानी पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश देते हुए कहा कि अभिभावकों को किसी एक दुकान से किताब खरीदने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा और शिकायत मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. बैठक में कलेक्टर ने गैस सिलेंडरों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने और कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए. राजस्व प्रकरणों जैसे नामांतरण, बंटवारा व सीमांकन के मामलों का समय-सीमा में निराकरण करने के लिए राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया. गौशालाओं का नियमित निरीक्षण करने, पशुओं के लिए चारा-पानी की व्यवस्था करने और स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया.




### कॉलेज में सूर्य उपासना कार्यक्रम 19 को

**सीहोर.** जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव के निर्देशानुसार 19 मार्च को प्रातः 10 बजे पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में जिला स्तरीय सूर्य उपासना कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. सीईओ श्रीमती यादव ने संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं.


### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुझ हेमन्त सिंह की पुत्री के आधार कार्ड क्र.8034 42126440 में त्रुटीवश मेरी पुत्र का नाम मनु पंवार (MANU PAWAR) नाम अंकित हो गया है एवं मेरी पुत्र के अन्य दस्तावेज अंकसूची, जन्म प्रमाण पत्र में मोनिका पंवार (MONIKA PAWAR) नाम अंकित है जो कि वास्तविक व सही नाम है। अत: प्रकाशन उपरांत मेरी पुत्र का नाम मोनिका पंवार MONIKA PAWAR) के नाम से जाना व पहचाना जावे।

**हेमन्त सिंह पुत्र श्री नारायण सिंह निवासी ग्राम सलेपुर पोस्ट हासरोद तह. ब्यावरा जिला राजगढ़ पिन 465677**